**NSS Special Day and Night Camp on Theme**
**आत्मा निर्भर भारत**
**Session 2022-23**
**NSS UNIT I & II**
**CMG GCW Bhodia Khera**
**15 March 2023 to 21 March 2023**

# Seven Days and Night Camp Activity Report

| DAY | Date | Name of the activity | Activity Detail |
|---|---|---|---|
| 1 | 15-Mar-23 | • Inaugural ceremony<br>• Lecture on Financial Literacy as a tool for Aatam Nirbhar Bharat<br>• Cleanliness Drive | ➢Inaugural ceremony conducted in presence of Principal of the College and Panchayat Samiti of the Village<br>➢Lecture by Ms Sumitra to enlighten the audiences with the knowledge about ways and means of Financial Management.<br>➢Lawn in front of Science Block was cleaned by Volunteers |
| 2 | 16-Mar-23 | • Mega Tree Plantation Drive<br>• Lecture on Gender Sensitization in Atam Nirbhar Bharat | ➢Tree plantation in the Village Bhodia Khera in assistance with Gram Panchayat. Awareness Rally to spread awareness about Tree Plantation.<br>➢Lecture by Dr. Kavita to Provide Counseling about the Theme |
| 3 | 17-Mar-23 | • Nasha Mukti Abhiyan<br>• Handicraft Training | ➢Rally Nukkad Natak Awareness Camp.<br>➢NSS Volunteers provided training to village women about various art forms such as Best Out of Waste, Pot Designing, Mat Making etc |
| 4 | 18-Mar-23 | • Blood Donation Camp<br>• Women Health and Hygiene Camp<br>• Global Recycling Day | ➢Nss Units facilitated services and contributed 28 Units of Blood to the Blood Bank, Red Cross Society. Dist. NSS Coordinator was invited as Chief Guest of the event.<br>➢A Team form Civil Hospital, Fatehabad under the leadership of Dr. Surekha conducted health check up and provided a lecture on women Health and Hygiene.<br>➢Discussion under leadership of Dr. Mohina |
| 5 | 19-Mar-23 | • Water Conservation Drive<br>• Plastic Free India,<br>• Banking Awearness Campaign | ➢Rally Door to Door Awareness Drive.<br>➢Rally Door to Door Awareness Drive.<br>➢Lecture by Dr. Mohina to provide training about Banking Facilities and trained them about operating bank account independently. |
| 6 | 20-Mar-23 | • Beti Bachao Beti Padhao<br>• Digital India | ➢Lecture by District Child Welfare Officer Sh. Surjeet Bajiya.<br>➢Training by Mr Parmod Bhatti, Senior Faculty, NIELIT, Hisar, Fatehabad on the Digital India and Internet of Things. |
| 7 | 21-Mar-23 | • Cultural Program<br>• Valedictory Ceremony | ➢Welcome by Dr. Mohina, Skit, Dance, Poem based on theme, Experience Sharing about this camp by Volunteers and Village People<br>➢Distribution of Certificates, Votes of Thanks, Official Declaration of successful completion of the camp by Principal of the College and Village Panchayat Samiti. |

## DAY-1 (15 MARCH 2023)

## Seven Days & Night NSS Camp (15 March to 21 March 2023)

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा, फतेहाबाद में 15 मार्च 2023 को एनएसएस यूनिट-I & II द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात) का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश की अध्यक्षता में किया गया। शिविर के प्रथम दिन की शुरुआत प्राचार्य डॉ राजेश मेहता, गांव के सरपंच व पंचों के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई। इस अवसर पर छात्राओं ने प्रार्थना व गायत्री मंत्र का उच्चारण किया। प्राचार्य डॉ राजेश मेहता ने छात्राओं को सात दिवसीय विशेष शिविर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अनुशासन की पहली सीढ़ी है जिसका पालन हम सभी को करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रमुख चार तत्व हैं जिसमें छात्र, शिक्षक, समुदाय और कार्यक्रम शामिल है। सेविकाओं को निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करनी चाहिए। एन एस एस के माध्यम से छात्राएं अनुशासन में रहना व आपस में मिलजुल कर रहना सीखती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्राचार्य ने स्वयं सेविकाओं को बताया कि एनएसएस नारा "मैं नहीं तुम" व एनएसएस लक्ष्य सेवा के माध्यम से शिक्षा व आपस में मिलजुल कर रहने के लिए प्रेरित किया। गांव के सरपंच व समस्त ग्राम पंचायत ने इस सात दिवसीय शिविर में सहयोग करने का आश्वासन दिया। एनएसएस प्रभारी डॉ मोहिना ने सेविकाओं को सात दिवसीय कैंप के प्रथम दिवस की गतिविधियों के बारे में अवगत करवाते हुए स्वयं सेविकाओं को बताया कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य स्वयं सेविकाओं का सर्वांगीण विकास करना है। जो भी युवा राष्ट्रीय सेवा योजना संगठन से जुड़ते हैं उन्हें अपने चरित्र का निर्माण करने में भी सहायता मिलती है, वे सामाजिक कार्यों के द्वारा लोगों की सेवा कर सकते हैं। प्रथम दिवस की गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए एनएसएस इकाई द्वारा "आत्म निर्भर भारत में वित्तीय साक्षरता की भूमिका" विषय पर व्याख्यान का आयोजन भी करवाया गया। उपरोक्त विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए वाणिज्य विभागाध्यक्ष स. प्रो. सुमित्रा ने सेविकाओं को बताया कि "आत्म निर्भर भारत" का सपना महिलाओं की भूमिका से ही संभव हो सकता है। सशक्त राष्ट्र का निर्माण सशक्त महिलाओं के बिना अधूरा होगा क्योंकि महिलाएं ही राष्ट्र की 50% आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। जिस समाज में नारी का स्थान सम्मानजनक होता है वह समाज उतना ही प्रगतिशील और विकसित होता है इसलिए महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त होना बहुत जरूरी है। सशक्त महिलाएं ही प्रभावशाली निर्णय लेने में सक्षम होती हैं। दोपहर को भोजन के उपरांत एनएसएस सेविकाओं द्वारा द्वारा महाविद्यालय के साइंस ब्लॉक के सामने वाले पार्क की साफ-सफाई की गई। शाम को एनएसएस सेविकाओं ने खो-खो का आनंद लिया व विभिन्न प्रकार की खेलकूद क्रियाओं में भाग लिया। इस अवसर पर एनएसएस यूनिट 2 की प्रभारी सहायक प्रोफेसर रमन, भतेरी, सारिका, एनएसएस सेविकाए व ग्राम पंचायत के सदस्य मौजूद रहे।


# FIRST DAY OF OUR NSS CAMP













कार्यक्रम **चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ**

# राष्ट्रीय सेवा योजना अनुशासन की पहली सीढ़ी : मेहता

संवाद न्यूज एजेंसी



एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर उपस्थित प्राचार्य डॉ.राजेश मेहता व अन्य। संवाद

**फतेहाबाद।** चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा में बुधवार को एनएसएस यूनिट एक व दो द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता व सरपंच अनिल गढ़वाल सहित गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने शिविर की शुरुआत की।

प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता ने छात्राओं से कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अनुशासन की पहली सीढ़ी है, जिसका पालन सभी को करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रमुख चार तत्व हैं, जिसमें छात्र, शिक्षक, समुदाय और कार्यक्रम शामिल हैं। स्वयं सेविकाओं को निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करनी चाहिए। एनएसएस के माध्यम से छात्राएं अनुशासन में रहना व आपस में मिलजुल कर रहना सीखती हैं। सरपंच अनिल गढ़वाल व ग्राम पंचायत ने इस सात दिवसीय शिविर में सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रथम दिवस की गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए एनएसएस इकाई द्वारा महिला सशक्तिकरण में वित्तीय साक्षरता की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन भी करवाया गया।

वाणिज्य विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर सुमित्रा ने स्वयं सेविकाओं को बताया कि आत्मनिर्भर भारत का सपना महिलाओं की भूमिका से ही संभव हो सकता है। सशक्त राष्ट्र का निर्माण सशक्त महिलाओं के बिना अधूरा होगा, क्योंकि महिलाएं ही राष्ट्र की 50 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। जिस समाज में नारी का स्थान सम्मानजनक होता है वह समाज उतना ही प्रगतिशील और विकसित होता है इसलिए महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त होना बहुत जरूरी है।

सशक्त महिलाएं ही प्रभावशाली निर्णय लेने में सक्षम होती हैं। एनएसएस प्रभारी डॉ. मोहिना ने स्वयं सेविकाओं को सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा से अवगत करवाया। इस मौके पर एनएसएस यूनिट 2 की प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर रमन, विस्तार व्याख्याता भतेरी, सारिका, स्वयं सेविकाएं व ग्राम पंचायत के सदस्य मौजूद रहे।

DAY — 1

# राजकीय महिला महाविद्यालय में 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

## राष्ट्रीय सेवा योजना अनुशासन की पहली सीढ़ी है जिसका पालन करना चाहिए : प्राचार्य



*विशेष शिविर का शुभारंभ करते प्राचार्य व अन्य।*

फतेहाबाद, 15 मार्च (ब्यूरो): चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा में बुधवार को एन.एस.एस. यूनिट एक व दो द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात) का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. राजेश मेहता की अध्यक्षता में किया गया।

प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता व सरपंच अनिल गढवाल के सहित गांव भोडिया खेड़ा के गण्यमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्राचार्य व छात्राओं ने प्रार्थना की व गायत्री मंत्र का उच्चारण किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. राजेश मेहता ने छात्राओं को 7 दिवसीय विशेष शिविर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अनुशासन की पहली सीढ़ी है जिसका पालन हम सभी को करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रमुख चार तत्व हैं, जिसमें छात्र, शिक्षक, समुदाय और कार्यक्रम शामिल है। स्वयं सेविकाओं को नि:स्वार्थ भाव से देश की सेवा करनी चाहिए।

एन.एस.एस. के माध्यम से छात्राएं अनुशासन में रहना व आपस में मिलजुल कर रहना सीखती है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्राचार्य ने स्वयं सेविकाओं को बताया कि एन.एस.एस. नारा (मैं नहीं तुम) व [illegible] से शिक्षा व आपस में मिलजुल कर रहने के लिए प्रेरित किया।

गांव के सरपंच अनिल गढ़वाल व ग्राम पंचायत ने इस 7 दिवसीय शिविर में सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रथम दिवस की गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए एन.एस.एस. इकाई द्वारा महिला सशक्तिकरण में वित्तीय साक्षरता की भूमिका विषय पर व्याख्यान का [illegible] विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए वाणिज्य विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रो. सुमित्रा ने स्वयं सेविकाओं को बताया कि आत्म निर्भर भारत का सपना महिलाओं की भूमिका से ही संभव हो सकता है।

सशक्त राष्ट्र का निर्माण सशक्त महिलाओं के बिना अधूरा होगा, क्योंकि महिलाएं ही राष्ट्र की 50 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। जिस समाज में नारी का स्थान सम्मानजनक होता है वह समाज उतना ही प्रगतिशील और विकसित होता है इसलिए महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त होना बहुत जरूरी है।

सशक्त महिलाएं ही प्रभावशाली निर्णय लेने में सक्षम होती हैं। एन.एस.एस. प्रभारी डा. मोहिना ने स्वयं सेविकाओं को सात दिवसीय कैंप के प्रथम दिवस की गतिविधियों के बारे में अवगत करवाते हुए स्वयं सेविकाओं को बताया कि एन.एस.एस. का मुख्य उद्देश्य स्वयं सेविकाओं का सर्वांगीण विकास करना है।

जो भी युवा राष्ट्रीय सेवा योजना संगठन से जुड़ते हैं उन्हें अपने चरित्र का निर्माण करने में भी सहायता मिलती है, वे सामाजिक कार्यों के द्वारा लोगों की सेवा कर सकते हैं। इस अवसर पर एनएसएस यूनिट 2 की प्रभारी असिस्टेंट प्रो. रमन, विस्तार व्याख्याता भतेरी, सारिका, एनएसएस स्वयंसेविकाए व ग्राम पंचायत के सदस्य मौजूद रहे।

## DAY-2 (16 MARCH 2023)

## Seven Days & Night NSS Camp (15 March to 21 March 2023)


चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा फतेहाबाद में 15 मार्च 2023 से 21 मार्च 2023 तक चल रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन (16 मार्च 2023) की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश मेहता की अध्यक्षता में और ग्राम पंचायत की उपस्थिति में स्वयं सेविकाओं ने प्रार्थना और एनएसएस गीत गाकर की गई। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश मेहता "वृक्षारोपण मिशन" के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि वृक्षों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। वृक्ष हमें जीवन देने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं जिसके बिना मानव जाति का अस्तित्व असंभव है। अपनी दुनिया को हरा-भरा और बेहतर बनाने के लिए वृक्षारोपण पर अधिक ध्यान देना चाहिए, जितने अधिक वृक्ष होंगे उतना ही स्वस्थ जीवन हम जी सकेंगे। सहायक प्रोफेसर भतेरी ने स्वयं सेविकाओं को सुबह का नाश्ता करने के बाद दूसरे दिन की होने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश मेहता की अध्यक्षता में एनएसएस प्रभारी डॉ मोहिना ने एनएसएस सेविकाओं को वृक्षारोपण एवं वृक्षों के संरक्षण की शपथ दिलाई। एनएसएस यूनिट 2 की प्रभारी सहायक प्रोफेसर रमन की अध्यक्षता मे सेविकाओं ने वृक्षारोपण से सम्बंधित विचारों पर विस्तृत चर्चा की और प्रोफेसर रमन ने सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि वृक्षारोपण से हमारे धरती का श्रृंगार होता है। पेड़ पौधों के बिना कोई भी स्थान निर्जीव सा लगता है। इसके बाद कॉलेज प्राचार्य डॉ राजेश मेहता की अध्यक्षता में सेविकाओं ने रैली निकाली और गांव में जागरूकता फैलाई। भोडिया खेड़ा ग्राम पंचायत के सहयोग से वृक्षारोपण किया। दोपहर का खाना खाने के बाद गणित विभाग से प्रोफेसर डॉ कविता ने "लिंग संवेदीकरण" विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि लैंगिक संवेदनशीलता का उद्देश्य एक अधिक समान और न्यायपूर्ण समाज बनाना है जहां व्यक्तियों के साथ उनके लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। एनएसएस सेविकाओं ने चर्चा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर एनएसएस सेविकाएं और गांव भोडिया खेड़ा की पंचायत समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# Seven Days & Night NSS Camp 15th Mar upto 21st Mar-2nd day




















**Seven Day & Night NSS Camp (15 March to 21 March 2023)**

**DAY-2 ( 16 MARCH 2023)**















शुक्रवार FRIDAY 17 मार्च 2023

# स्वयं सेविकाओं को पौधारोपण एवं वृक्षों के संरक्षण की दिलाई शपथ

फतेहाबाद, 16 मार्च (ब्यूरो) : आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में 21 मार्च तक चल रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डा. राजेश मेहता ने पौधारोपण करके की। इस अवसर पर प्राचार्य डा. राजेश मेहता की अध्यक्षता में एनएसएस प्रभारी डा. मोहिना ने स्वयं सेविकाओं को पौधारोपण एवं वृक्षों के संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सेविकाओं ने रैली निकाली और गांव में जागरूकता फैलाई।



राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में पौधारोपण करती स्वयं सेविकाएं।

प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि वृक्षों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। वृक्ष हमें जीवन देने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं जिसके बिना मानव जाति का अस्तित्व असंभव है। अपनी दुनिया को हरा-भरा और बेहतर बनाने के लिए पौधारोपण पर अधिक ध्यान देना चाहिए, जितने अधिक वृक्ष होंगे उतना ही स्वस्थ जीवन हम जी सकेंगे।

इस दौरान एनएसएस यूनिट-2 की प्रभारी प्रोफेसर रमन की अध्यक्षता में स्वयं सेविकाओं ने पौधारोपण से संबंधित विचारों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि पौधारोपण से हमारे धरती का शृंगार होता है। पेड़-पौधों के बिना कोई भी स्थान निर्जीव सा लगता है। प्रोफैसर भतेरी ने स्वयं सेविकाओं को दूसरे दिन की होने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया।

गणित विभाग से प्रोफेसर डा. कविता ने लिंग संवेदीकरण विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि लैंगिक संवेदनशीलता का उद्देश्य एक अधिक समान और न्यायपूर्ण समाज बनाना है जहां व्यक्तियों के साथ उनके लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है।

## एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेविकाओं ने किया पौधरोपण

फतेहाबाद। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में 21 मार्च तक चल रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता ने पौधारोपण करके की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता की अध्यक्षता में एनएसएस प्रभारी डॉ. मोहिना ने स्वयं सेविकाओं को वृक्षारोपण एवं वृक्षों के संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सेविकाओं ने रैली निकाली और गांव में जागरूकता फैलाई।

प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि वृक्षों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। वृक्ष हमें जीवन देने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं जिसके बिना मानव जाति का अस्तित्व असंभव है। अपनी दुनिया को हरा-भरा और बेहतर बनाने के लिए वृक्षारोपण पर अधिक ध्यान देना चाहिए, जितने अधिक वृक्ष होंगे उतना ही स्वस्थ जीवन हम जी सकेंगे। इस दौरान एनएसएस यूनिट-2 की प्रभारी प्रोफेसर रमन की अध्यक्षता में स्वयं सेविकाओं ने वृक्षारोपण से संबंधित विचारों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि वृक्षारोपण से हमारे धरती का श्रृंगार होता है। पेड़ पौधों के बिना कोई भी स्थान निर्जीव सा लगता है। प्रोफेसर भतेरी ने स्वयं सेविकाओं को दूसरे दिन की होने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। गणित विभाग से प्रोफेसर डॉ. कविता ने लिंग संवेदीकरण विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि लैंगिक संवेदनशीलता का उद्देश्य एक अधिक समान और न्यायपूर्ण समाज बनाना है जहां व्यक्तियों के साथ उनके लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है।

# एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जागरण संवाददाता, फतेहाबाद : आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में 21 मार्च तक चल रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत कालेज के प्राचार्य डा. राजेश मेहता ने पौधारोपण करके की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता की अध्यक्षता में एनएसएस प्रभारी डा. मोहिना ने स्वयं सेविकाओं को वृक्षारोपण एवं वृक्षों के संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सेविकाओं ने रैली निकाली और गांव में जागरूकता फैलाई। प्राचार्य डा. राजेश मेहता ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि वृक्षों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। वृक्ष हमें जीवन देने वाली आक्सीजन प्रदान करते हैं जिसके बिना मानव जाति का अस्तित्व असंभव है। अपनी दुनिया को हरा-भरा और बेहतर बनाने के लिए वृक्षारोपण पर अधिक ध्यान देना चाहिए, जितने अधिक वृक्ष होंगे उतना ही स्वस्थ जीवन हम जी सकेंगे। इस दौरान एनएसएस यूनिट-2 की प्रभारी प्रोफेसर रमन की अध्यक्षता में स्वयं सेविकाओं ने वृक्षारोपण से संबंधित विचारों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि वृक्षारोपण से हमारे धरती का श्रृंगार होता है।



फतेहाबाद। राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडियाखेड़ा में पौधारोपण करते प्राचार्य डा. राजेश मेहता व स्वयं सेविकाएं। • विज्ञप्ति

DAY-2

## DAY-3 ( 17 March, 2023)


## Seven Day & Night NSS Camp (15 March to 21 March 2023)

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्‌यालय भोडिया खेड़ा फतेहाबाद में 15 मार्च 2023 से 21 मार्च 2023 तक चल रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन (17/03/2023) की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश मेहता की अध्यक्षता में और ग्राम पंचायत की उपस्थिति में स्वयं सेविकाओं ने प्रार्थना और एनएसएस गीत गाकर की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश मेहता ने "नशा मुक्ति अभियान" के अंतर्गत सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि नशा किसी भी प्रकार का हो व्यक्तित्व का विनाश, निर्धनता की वृद्धि और मृत्यु के द्‌वार खोलता है। एनएसएस प्रभारी डॉ मोहिना ने स्वयं सेविकाओं को नशा मुक्त देश के निर्माण की शपथ दिलाई। इसके बाद स्वयं सेविकाओं ने नाश्ता किया और स. प्रो. सारिका ने दिन की होने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश मेहता ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। "नशा करता है खराब, मिलकर करो इसका बहिष्कार" आदि नारों के साथ गांव भोडिया खेड़ा में जागरूकता रैली निकाली और गांव भोडिया खेड़ा नशा मुक्त नारों से गूंज उठा। इसके बाद स्वयं सेविकाओं ने डोर टू डोर अभियान चलाया और चौपाल तथा घरों में लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। स्वयं सेविकाओं ने नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक करके लोगों को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत करवाया और नशा न करने के लिए प्रेरित किया। दोपहर के खाने के बाद वॉलिंटियर्स ने गांव की महिलाओं को विभिन्न प्रकार के कलाकृतियों को बनाने के तरीके समझाएं। इस चर्चा में गांव की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां बनानी सीखी।

# Seven Day & Night NSS Camp (15 march to 21 March 2023)

## DAY-3 ( 17 MARCH 2023)

















## DAY-4 (18 MARCH 2023)

## Seven Day & Night NSS Camp (15 March to 21 March 2023)


चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा फतेहाबाद में 15 मार्च 2023 से 21 मार्च 2023 तक चल रहे सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन (18/03/2023) की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश मेहता की अध्यक्षता में और ग्राम पंचायत की उपस्थिति में स्वयं सेविकाओं ने प्रार्थना और गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए की। छात्राओं ने योगाभ्यास करके एक नई ऊर्जा ग्रहण की। ग्राम पंचायत के सहयोग से एनएसएस टीम के द्वारा "रक्तदान शिविर" का आयोजन करवाया गया जिसमें एनएसएस सेविकाओं ने विभिन्न प्रकार के प्रबंधन व व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा रक्तदान भी किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश मेहता ने "रक्तदान है सबसे ऊंचा, इसके जैसा दान न दूजा" की भावना के साथ रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि ब्लड प्रकृति द्वारा हमें दिया गया सबसे मूल्यवान उपहार है। हम इसके माध्यम से लोगों की कई तरह से मदद कर सकते हैं। रक्तदान के कई सारे स्वास्थ्य लाभ हैं लेकिन सबसे बड़ा लाभ मनोवैज्ञानिक लाभ है। रक्तदान से हृदय रोग के खतरे को कम किया जा सकता है। डिस्ट्रिक्ट एन एस एस कोर्डिनेटर रोहताश कड़वासरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा स्वयं रक्तदान करके एनएसएस सेविकाओं का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से व्यक्ति किसी के जीवन का जरिया बन सकता है रक्तदान के लिए धन या ताकत की जरूरत नहीं होती बल्कि एक बड़े दिल और मुक्त मन की जरूरत होती है। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी के लिए वरदान भी साबित हो सकता है यदि व्यक्ति मरने के बाद भी जिंदा बने रहना चाहता है तो उसे रक्तदान अवश्य करना चाहिए। भोड़िया खेड़ा के सरपंच व ग्राम पंचायत के सहयोग से गांव के लोगों ने इस रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर कुलमोहन सिंह वधेंर ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। एनएसएस प्रभारी डॉ मोहिना ने रक्तदान के बारे में स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि किसी के जीवन को बचाने के लिए रक्त लाल सोना है। उन्होंने बताया कि खून देने के लिए ना तो अतिरिक्त ताकत की जरूरत है और ना ही अतिरिक्त भोजन की आवश्यकता होती है। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य सहायक प्रो. दिनेश, डॉ सोनू राम, रोहतास कड़वासरा, अशोक कुमार, मानसिंह आदि ने रक्तदान किया। दोपहर के खाने के बाद नागरिक अस्पताल फतेहाबाद से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुरेखा ने स्वयं सेविकाओं एवं गांव की महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विचार विमर्श किया। गांव की महिलाओं ने इस कैंप का भरपूर फायदा उठाया व डॉक्टर के साथ अपनी समस्याओं पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉ कविता, सहायक प्रोफेसर सुमित्रा, शेखर सेठी व एनएसएस के सभी सदस्य मौजूद रहे। शाम को एनएसएस प्रभारी डॉक्टर मोहिना ने स्वयं सेविकाओं को "ग्लोबल री साइक्लिंग दिवस" के बारे में संबोधित करते हुए बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य हमारे संसाधनों को संरक्षित करने और हमारे ग्रह के भविष्य को सुरक्षित करने में रीसाइक्लिंग के महत्व को पहचानना और उसका जशन मनाना है। कैंप में प्राप्त जानकारी को लोगों तक पहुंचाने व उसका उचित प्रयोग करने के का एनएसएस सेविकाओं ने प्रण लिया।

# DAY-4 (18 MARCH 2023)


## Seven Day & Night NSS Camp (15 march to 21 March 2023)














4

DAY- 4

# 'रक्तदान करके किसी का जीवन बचाने में बन सकते हैं मददगार'




भोड़िया खेड़ा महाविद्यालय में रक्तदाता का हौसला बढ़ाते प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

फतेहाबाद। भोड़िया खेड़ा स्थित चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस शिविर के चौथे दिन शनिवार को ग्राम पंचायत के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 28 लोगों ने रक्तदान किया। शुभारंभ करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता ने बताया कि रक्तदान सबसे बेहतर दान है। रक्तदान करके हम किसी का जीवन बचाने में मददगार बन सकते हैं।

डिस्ट्रिक्ट एनएसएस कोआर्डिनेटर रोहताश कड़वासरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए बताया कि रक्तदान करने से व्यक्ति किसी के जीवन का जरिया बन सकता है। रक्तदान के लिए धन या ताकत की जरूरत नहीं होती, बल्कि बड़े दिल और मुक्त मन की जरूरत होती है।

रक्तदान किसी के लिए वरदान भी साबित हो सकता है। कुलमोहन सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। एनएसएस प्रभारी डॉ. मोनिका ने भी छात्राओं को रक्तदान के फायदे बताए। शिविर में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य सहायक प्रोफेसर दिनेश, डॉ.सोनूराम, रोहतास कड़वासरा, अशोक कुमार, मानसिंह आदि ने रक्तदान किया। दोपहर बाद नागरिक अस्पताल फतेहाबाद की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेखा ने स्वयंसेविकाओं एवं गांव की महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान की जानकारी दी। इस मौके पर स्टाफ सदस्य डॉ.कविता, सहायक प्रोफेसर सुमित्रा, शेखर सेठी व एनएसएस के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# महिला कालेज में 60 से अधिक विद्यार्थियों ने किया रक्तदान




सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते प्राचार्य डा. राजेश मेहता।

जागरण संवाददाता, फतेहाबाद : आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में चल रहे सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डिस्ट्रिक्ट एनएसएस कोर्डिनेटर रोहताश कड़वासरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि कुलमोहन सिंह वधेर ने विशेष अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शिरकत की। इससे पहले छात्राओं ने योगाभ्यास करके एक नई ऊर्जा ग्रहण की। 60 से अधिक विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. राजेश मेहता ने "रक्तदान है सबसे ऊंचा, इसके जैसा दान न दूजा" की भावना के साथ रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि ब्लड प्रकृति द्वारा हमें दिया गया सबसे मूल्यवान उपहार है। हम इसके माध्यम से लोगों की कई तरह से मदद कर सकते हैं। रक्तदान के कई सारे स्वास्थ्य लाभ हैं लेकिन सबसे बड़ा लाभ मनोवैज्ञानिक लाभ है। रक्तदान से हृदय रोग के खतरे को कम किया जा सकता है। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट एनएसएस कोर्डिनेटर रोहताश कड़वासरा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बताया कि रक्तदान के लिए धन या ताकत की जरूरत नहीं होती बल्कि एक बड़े दिल और मुक्त मन की जरूरत होती है।

## DAY-5 (19 MARCH 2023)

## Seven Day & Night NSS Camp (15 March to 21 March 2023)

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा फतेहाबाद में 15 मार्च 2023 से 21 मार्च 2023 तक चल रहे सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन (19/03/2023) की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश मेहता की अध्यक्षता में और ग्राम पंचायत की उपस्थिति में स्वयं सेविकाओं ने प्रार्थना और गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए की। छात्राओं ने योगाभ्यास करके एक नई ऊर्जा ग्रहण की। सुबह का नाश्ता करने के बाद एनएसएस प्रभारी डॉ मोहिना ने स्वयं सेविकाओं को होने वाली गतिविधियों के बारे मे अवगत करवाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश मेहता ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि प्लास्टिक मुक्त भारत मिशन के अंतर्गत हमें गांव के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक करना होगा कि प्लास्टिक से उत्पन्न कचरा पृथ्वी के अस्तित्व को खतरे में डाल रहा है। इस मिशन के अंतर्गत हम सबको बताएंगे कि किस प्रकार हम प्लास्टिक के उपयोग को कम कर सकते हैं। गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग करके हम पृथ्वी पर प्लास्टिक के कचरे को कम करने में अपना योगदान दे सकते हैं। इसके बाद स्वयं सेविकाओं ने भोडिया खेड़ा गांव को प्लास्टिक मुक्त किया। Unit-1 की प्रभारी डॉ. मोहिना ने विस्तार से चर्चा करते हुए "वित्तीय साक्षरता एवं आत्मनिर्भरता" के बारे में बताया कि महिला का वित्तीय साक्षर होना भी बेहद जरूरी है क्योंकि यदि वह वित्तीय रूप से सक्षम होंगी तो वह धन का प्रबंध सही रूप से कर सकती है। वित्तीय साक्षरता के द्वारा न केवल अपने घर को बल्कि पूरे देश को मजबूत बना सकते हैं। महिला खुद को आत्मनिर्भर बनाकर अपने परिवार का भरण पोषण बहुत कुशल तरीके से कर सकेंगी और देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। इस मिशन के अंतर्गत सभी एनएसएस सेविकाओं ने प्रण लिया कि वह अपने आस-पड़ोस के लोगों, अपने भाई-बहन, माता-पिता और अन्य रिश्तेदारों को ज्यादा से ज्यादा यह ज्ञान देंगी तथा महिलाओं को खाता खुलवाने हेतु तथा उसका स्वयं संचालन करने हेतु प्रशिक्षण भी देंगी। महिला सशक्तिकरण हेतु उनका योगदान प्रबल रहेगा। दोपहर का खाना खाने के बाद विस्तार व्याख्याता भतेरी ने 'जल है तो कल है' जागरूकता मिशन के अंतर्गत एनएसएस सेविकाओं का नेतृत्व किया। गांव में प्रदूषित जल की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करते हुए सेविकाओं ने बताया कि जल प्रदूषण से मलेरिया, डेंगू जैसी कई तरह की बीमारियां शरीर में प्रवेश कर जाती है। घर घर जाकर इस प्रकार की बीमारियों के निवारण के लिए मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करके बिमारियों पर नियंत्रण करने हेतु लोगों को जागरूक किया। विभिन्न स्थानों पर उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई कि खड़े पानी में मच्छर अपना प्रजनन करते हैं, ऐसे खड़े पानी की जगहों को ढक कर रखना, सुखा देना या बहा देना चाहिये या पानी की सतह पर तेल डाल देना चाहिये, जिससे मच्छरों के लारवा सांस न ले पाएं। सभी एनएसएस सेविकाओं ने इस मिशन मे भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। एनएसएस सेविकाओं ने साथ में रैली निकालकर गांव को जागरूक किया। घर घर जाकर और चौराहों पर लोगों को इसके बारे में जानकारी दी।

**DAY-5 (19 MARCH 2023)**


**Seven Day & Night NSS Camp (15 march to 21 March 2023)**






प्रदूषण रोकथाम और पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

छात्राओं ने डोर टू डोर जाकर लोगों को किया प्लास्टिक मुक्त अभियान बारे जागरूक








# प्रदूषण रोकथाम और पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

फतेहाबाद, 18 मार्च (स.ह.) : सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चल रहे सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण हमारे पर्यावरण को काफी तेजी से नुक्सान पहुंचा रहा है।

प्लास्टिक पदार्थों से उत्पन्न कचरे का निस्तारण काफी कठिन होता है और पृथ्वी पर प्रदूषण में भी इसका काफी अहम योगदान है, जिससे यह एक वैश्विक चिंता का विषय बन गया है। हमें इस समस्या पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए इसके समाधान के लिए प्रयास शुरु करने होंगे।

प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम यह है कि हमें प्लास्टिक के उपयोग से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण के लिए एक गंभीर संकट बन गया है और आने वाले समय में यह और भी ज्यादा भयावह होने वाला है। इस प्रदूषण के कई कारण है तथा इसके नकरात्मक प्रभावों की संख्या उससे भी ज्यादा है।

कार्यक्रम के दौरान एन.एस.एस. प्रभारी डा. मोहिना ने स्वयं सेविकाओं को आयोजित हो

## छात्राओं ने डोर टू डोर जाकर लोगों को किया प्लास्टिक मुक्त अभियान बारे जागरूक

रहा पखवाड़े के तहत होने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने वित्तीय साक्षरता एवं आत्मनिर्भरता के बारे में बताया कि महिला का वित्तीय साक्षर होना भी बेहद जरूरी है क्योंकि यदि वह वित्तीय रूप से सक्षम होंगी तो वह धन का प्रबंध सही रूप से कर सकती हैं।

उन्होंने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि वित्तीय शिक्षा की आवश्यकता इसलिए है कि आत्म निर्भरता मुख्यत: पांच तत्वों पर निर्भर करती है अर्थव्यवस्था, मांग, जनसंख्या, तंत्र और संरचना।

आप स्वयं के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत की राह में अपना योगदान दे सकते हैं और हम सब मिलकर एक आत्मनिर्भर राष्ट्र निर्माण सपने को मजबूत बनाने में सहयोग कर सकते हैं। आप खुद को आत्मनिर्भर बनाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकेगें।

एन.एस.एस. सेविकाओं के साथ रैली निकालकर गांव में जागरूकता फैलाई। घर-घर जाकर और चौराहों पर लोगों को इसके बारे में जानकारी दी।

विस्तार व्याख्याता भतेरी ने प्लास्टिक मुक्त देश के बारे में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक से उत्पन्न कचरा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा हैए क्योंकि प्लास्टिक एक नान बायोडिग्रेडबल पदार्थ है इसलिए यह जल और भूमि में विघटित नही होता है। यह वातावरण में सैंकड़ों वर्षों तक बना रहता है, जिससे यह भूमि, जल और वायु प्रदूषण का कारण बनता है। इसके बाद स्वयं सेविकाओं ने भोडिया खेड़ा गांव को प्लास्टिक मुक्त किया।

प्रदूषित जल की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करते हुए स्वयं सेविकाओं ने बताया कि जल प्रदूषण से मलेरिया, डेंगू जैसी कई तरह की बीमारियां शरीर में प्रवेश कर जाती है। इस प्रकार की बीमारियों के निवारण के लिए हमें मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करके बीमारियों पर नियंत्रण पाना होगा।

खड़े पानी में मच्छर अपना प्रजनन करते हैं, ऐसे खड़े पानी की जगहों को ढक कर रखना, सुखा देना या बहा देना चाहिए या पानी की सतह पर तेल डाल देना चाहिए, जिससे मच्छरों के लारवा सांस न ले पाएं।




प्रदूषण की रोकथाम व जागरूकता को लेकर घर घर जागरूक करती राजकीय महिला कॉलेज की छात्राएं।

DAY-5


# DAY-6 (20 MARCH 2023)
# Seven Days & Night NSS Camp (15 March to 21 March 2023)

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा फतेहाबाद में 15 मार्च 2023 से 21 मार्च 2023 तक चल रहे सात दिवसीय शिविर के छठे दिन (20/03/2023) की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश मेहता की अध्यक्षता में और ग्राम पंचायत की उपस्थिति में स्वयं सेविकाओं ने प्रार्थना और एनएसएस गीत गाकर की। कॉलेज प्राचार्य डॉ राजेश मेहता ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" योजना लड़कियों के जीवन को बचाने और उन्हें पढ़ाने के लिए पूरे भारत में चलाया जाने वाला अभियान है। "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" पहल का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना एवं लड़कियों के अस्तित्व और संरक्षण को सुनिश्चित करना है। लड़कियों को साक्षर व सजग बनाकर हम इस मिशन को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने सभी एनएसएस सेविकाओं को प्रेरित किया कि वह इस कैंप में प्राप्त जानकारी अपने गांव-शहर में अधिक से अधिक फैलाएं ताकि इस मिशन के उद्देश्य की प्राप्ति हो सके। सुबह का नाश्ता करने के बाद एनएसएस प्रभारी डॉ मोहिना ने दिन की होने वाली गतिविधियों के बारे में स्वयं सेविकाओं को अवगत करवाया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड वेलफेयर ऑफिसर सुरजीत बाजिया ने स्वयं सेविकाओं को बताया कि बेटी भारत की शान है, जिसका साक्षर होना अनिवार्य है क्योंकि बेटी पढ़कर दो घरों को शिक्षित करती है। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों से भी अवगत करवाया जिनका प्रयोग महिलाएं अपने विरोध हो रहे शोषण से बचने के लिए कर सकती हैं। दोपहर के भोजन के बाद स्वयं सेविकाओं को डिजिटल इंडिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम की जानकारी देते हुए NIELIT सीनियर फैकल्टी श्रीमान प्रमोद भट्टी ने बताया कि डिजिटल इंडिया एक ऐसा प्रोग्राम है जिसके माध्यम से गवर्नमेंट और इंडियन पब्लिक के बीच की दूरी को कम किया जा सकता है। डिजिटल इंडिया का मुख्य उद्देश्य कागज कार्रवाई व भ्रष्टाचार को खत्म करना है। सभी स्वयं सेविकाओं ने डिजिटल इंडिया के बारे में विस्तृत जानकारी ग्रहण की। इस कैंप के दौरान बैंक एटीएम, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, ऑनलाइन लेन-देन इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद छात्राओं ने बैडमिंटन खेल-खेला और रात के खाने के बाद आराम किया।

# DAY-6 (20 MARCH 2023)

# Seven Day & Night NSS Camp (15 march to 21 March 2023)














# कागज कार्रवाई व भ्रष्टाचार को खत्म करना डिजिटल इंडिया का मुख्य उद्देश्य : प्रमोद भट्टी

## स्वयं सेविकाओं को दी डिजिटल इंडिया बारे जानकारी

फतेहाबाद, 20 मार्च (स.ह.) : सी.एम.जी. राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में चल रहे सात दिवसीय शिविर के छठे दिन स्वयं सेविकाओं को डिजिटल इंडिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एन.आई.ई.एल. आई.टी. सीनियर फैकल्टी प्रमोद भट्टी ने बताया कि डिजिटल इंडिया एक ऐसा प्रोग्राम है जिसके माध्यम से गवर्नमैंट और इंडियन पब्लिक के बीच की दूरी को कम किया जा सकता है। डिजिटल इंडिया का मुख्य उद्देश्य कागज कार्रवाई व भ्रष्टाचार को खत्म करना है। सभी स्वयं सेविकाओं ने डिजिटल इंडिया के बारे में विस्तृत जानकारी ग्रहण की।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना लड़कियों के जीवन को बचाने और उन्हें पढ़ाने के लिए पूरे भारत में चलाया जाने वाला अभियान है।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना एवं लड़कियों के अस्तित्व और संरक्षण को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. मोहिना ने आज की होने वाली गतिविधियों के बारे में स्वयं सेविकाओं को अवगत करवाया।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड वैलफेयर ऑफिसर सुरजीत बाजिया ने स्वयं सेविकाओं को बताया कि बेटी भारत की शान है, जिसका साक्षर होना अनिवार्य है क्योंकि बेटी पढ़कर दो घरों को शिक्षित करती है। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों से भी अवगत करवाया जिनका प्रयोग महिलाएं अपने विरोध हो रहे शोषण से बचने के लिए कर सकती हैं।



*स्वयं सेविकाओं को डिजिटल इंडिया बारे जानकारी देते एन.आई.ई.एल.आई.टी. सीनियर फैकल्टी।*

## साइबर क्राइम एंड साइबर लॉ विषय पर लगा सैमीनार

सी.एम.जी. राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में सोमवार को कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा साइबर क्राइम एंड साइबर लॉ विषय पर आयोजित सैमीनार में मुख्य वक्ता दिल्ली बार काउंसिल एडवोकेट अमित सांगवान ने छात्राओं को विस्तार से साइबर क्राइम के बारे में बताया और उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम किस तरह से होते हैं, उनसे कैसे बचा जा सकता है। कौन-कौन से लॉ हैं, जिनके तहत हम शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि किन-किन धाराओं के तहत कितने साल की सजा और कितने जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने यह भी बताया कि अगर आपके साथ कोई साइबर क्राइम होता है तो घबराना नहीं है और तुरंत प्रभाव से 1930 नंबर पर व राष्ट्रीय साइबर रिपोर्टिंग पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करवानी है।

प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता ने साइबर क्राइम के कुछ उदाहरण पेश किए और उनसे बचने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार, विभागाध्यक्ष सोना देवी, गुरनाम, डॉ. कविता, सुमित्रा, डॉ. शकुंतला, विनीता, डॉ. प्रदीप कुमार सहित बीएससी, बीए, बीकॉम, एमकॉम की छात्राएं मौजूद रहीं।

DAY - 6

**DAY-7 (21 MARCH 2023)**

**Seven Day & Night NSS Camp (15 march to 21 March 2023)**

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोड़िया खेड़ा द्वारा 15 मार्च 2023 से 21 मार्च 2023 तक चल रहे सात दिवसीय शिविर के सातवें दिन (21 मार्च 2023) कॉलेज प्राचार्य डॉ राजेश मेहता की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर के सातवें दिन गांव भोड़िया खेड़ा में पंचायत भवन के पास हनुमान मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरपंच कौशल्या देवी ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की और विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत भोड़िया खेड़ा के सभी सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ मोहिना ने सभी का औपचारिक स्वागत किया। एनएसएस सेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीत गाए और "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" विषय पर नाटिका प्रस्तुत की। गांव के लोगों ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए एनएसएस प्रभारी डॉ मोहिना ने बताया कि इस शिविर के दौरान वित्तीय साक्षरता, स्वास्थ्य, स्वच्छता, वृक्षारोपण, डिजिटल इंडिया, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, प्लास्टिक फ्री इंडिया आदि से संबंधित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस सात दिवसीय शिविर के दौरान महाविद्यालय कि एनएसएस टीम के द्वारा ग्राम पंचायत भोड़िया खेड़ा के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एमएसएस सेविकाओं और भोड़िया खेड़ा के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ राजेश मेहता ने अपने संबोधन में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने का संदेश दिया ताकि जीवन में आने वाली हर कठिनाई का डटकर मुकाबला किया जा सके। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं व ग्रामीणों ने सात दिवसीय कैंप से जुड़े अपने अनुभव सांझा किए। सहायक प्रोफेसर रमन ने सभी का धन्यवाद करते हुए बताया कि एनएसएस का मूल ध्येय मानवीय मूल्य व गरिमा को बनाए रखना है। समापन समारोह के अंत में एनएसएस सेविकाओं को सात दिवसीय दिन-रात कैंप के प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## DAY-7 (21 MARCH 2023)
## Seven Day & Night NSS Camp (15 march to 21 March 2023)


















# छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया डा. मेहता ने



*स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करती गांव भोडिया खेड़ा की सरपंच व कालेज प्राचार्य।*

फतेहाबाद, 21 मार्च (स.ह.) : सी.एम.जी. राजकीय महिला म[illegible]द्यालय, भोडिया खेड़ा में मंगलवार को कॉलेज प्राचार्य डा. राजेश मेहता की अध्यक्षता में एन.एस.एस. शिविर का समापन हुआ। शिविर के सातवें दिन गांव भोडिया खेड़ा में पंचायत भवन के पास हनुमान मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सरपंच कौशल्या देवी ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की और विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत भोडिया खेड़ा के सभी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डा. राजेश मेहता ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया ताकि जीवन में आने वाली हर कठिनाईयों का डटकर मुकाबला किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एन.एस.एस. 'स्वयं सेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीत गाए और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर नाटिका प्रस्तुत की।

शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. मोहिना ने बताया कि इस शिविर के दौरान वित्तीय साक्षरता, स्वास्थ्य, स्वच्छता, वृक्षारोपण, डिजिटल इंडिया, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, प्लास्टिक फ्री इंडिया से संबंधित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान महाविद्यालय की एन.एस.एस. टीम द्वारा ग्राम पंचायत भोडिया खेड़ा के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेविका और गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सहायक प्रोफैसर रमन ने सभी का धन्यवाद करते हुए बताया कि एन.एस.एस. का मूल ध्येय मानवीय मूल्य व गरिमा को बनाए रखना है।

## नई शिक्षा 2020 पर 2 दिवसीय फैकल्टी डिवैल्पमैंट प्रोग्राम का आरंभ

सी.एम.जी. राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में 2 दिवसीय फैकल्टी डिवैल्पमैंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता मेधा लर्निंग, हरियाणा के प्रोजैक्ट समर्थ सीनियर मैनेजर संजय कुमार झा रहे।

उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति कॉलेज, विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ रोजगारपरक भी है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी नई शिक्षा नीति में अपने विषय के अतिरिक्त विभिन्न विषयों का ज्ञान प्राप्त कर पाएंगे, जिससे पढ़ाई के लिए सामाजिक वातावरण बन पाएगा।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. राजेश मेहता ने नई शिक्षा नीति 2020 को रोजगारपरक व गुणवत्ता से परिपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आज शिक्षकों को नई शिक्षा नीति 2020 को समझने की जरूरत है ताकि शिक्षक समाज व देश को इसका लाभ समझा सके। नई शिक्षा नीति एक बड़ा ग्रंथ है, जिसे हमें बार-बार समझने की जरूरत है। कार्यशाला में फतेहाबाद जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से लगभग 30 असिस्टैंट प्रोफैसर ने भाग लिया। प्रतिभागी असिस्टैंट/एसोसिएट प्रोफैसर ने भी नई शिक्षा नीति पर अपने-अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर मेधा लर्निंग, हरियाणा के प्रोजेक्ट समर्थ रिलेशनशिप मैनेजर यतेंद्र प्रताप, तुषार पुंडीर, सेल की प्रभारी डॉ. निर्मला कौशिक आदि मौजूद रहे।

DAY – 7